प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-





प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 19.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 18.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भूरा के पास हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.हल्लू पुत्र घन्सा अहिरवार उम्र 45 वर्ष 2.भगवती पुत्र ठाकुरदास उम्र 30 वर्ष 3.महेश पुत्र चन्द्रभान उम्र 25 वर्ष 4.हरिओम पुत्र लक्ष्मी प्रसाद उम्र 25 वर्ष 5.भूपेन्द्र पुत्र हरीकुमार उम्र 22 वर्ष समस्त निवासीगण घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 600 रुपये व जामातलाशी 510 रूपये कुल 1110 रूपये व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु0अ0सं0-11/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा 2. उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह
3. कां0 नितिन कुमार 4. कां0 विजय निरंकारी

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. हल्लू पुत्र घन्सा अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. भगवती पुत्र ठाकुरदास उम्र 30 वर्ष निवासी घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा
3. महेश पुत्र चन्द्रभान उम्र 25 वर्ष निवासी घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा
4. हरिओम पुत्र लक्ष्मी प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा
5. भूपेन्द्र पुत्र हरीकुमार उम्र 22 वर्ष निवासी घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 18.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त अखिलेश पटेल पुत्र स्व0 रामसेवक उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम थलौरा बम्हौरीकुर्मिन थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 बोरी में 20 अदद क्वार्टर देशी शराब झूम ब्रांण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम बम्हौरीकुर्मिन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 12/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अखिलेश पटेल पुत्र स्व0 रामसेवक उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम थलौरा बम्हौरीकुर्मिन थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह
2. उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा
3. कां0 नितिन कुमार



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने नाबालिग का उत्पीड़न करने वाले एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 भगवानदीन मय हमराह हे0कां0 शहनबाज हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना चरखारी में पंजीकृत मु0अ0सं0 304/2024 धारा 137(2)/87/352/64(2)/351(3) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट व 3(1)द, ध, 3(2)V व 3(2)VA SC/ST ACT से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त नन्दकिशोर पुत्र प्रमोद कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा को थाना क्षेत्र के रामनगर तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 भगवानदीन
2. हे0कां0 शहनबाज हुसैन

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नन्दकिशोर पुत्र प्रमोद कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा।



## जनपदीय एसओजी व थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत गुमशुदा व्यक्ति को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

जनपद महोबा में गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 19.01.2025 को रामगोपाल पुत्र दीनदयाल अहिरवार द्वारा थाना श्रीनगर में सूचना दी गयी कि उनका पुत्र गौरीशंकर उम्र करीब 29 वर्ष जोकि मानसिक रूप से बीमार है, वह दिनांक 18.01.2025 को खेत से गायब हो गया था जिसको काफी ढ़ंढने पर भी कोई पता नहीं चला है । उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना श्रीनगर पर गुमशुदगी क्रम 01/2025 दर्ज करायी गयी तथा उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति की बरामदगी हेतु जनपदीय एसओजी व थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम द्वारा विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, इस दौरान अनेक स्थानों पर व्यक्ति को सकुशल बरामदगी के लिए युद्ध स्तर पर सर्च अभियान चलाया गया। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीमों के अथक प्रयास एवं परिश्रम से व्यक्ति को थाना कुलपहाड़ क्षेत्र अन्तर्गत सकुशल बरामद किया गया है।

गुमशुदा व्यक्ति को पाकर परिजन द्वारा महोबा पुलिस का धन्यवाद किया गया तथा आमजनमानस द्वारा पुलिस के इस मानवीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी ।



सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित तीन घायल,
तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार,
मेला देखने बाइक से जा रहे थे तीनों घायल,
आरोपी चालक कार सहित फरार,
घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती,
पनवाड़ी थाना क्षेत्र के रावत पुलिया की घटना।

जय हिन्द सर

प्रकरण के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी सेर से वार्ता किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल चालक द्वारा खड़े कार में टक्कर मार देने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गये तथा कार चालक को भी चोटें आयी है। घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है जहाँ से डॉक्टरों द्वारा उनको रेफर कर दिया गया है। जिनकी स्थिति समान्य है। प्रकरण में अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

सड़क दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घायल व्यक्तियों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से चिकित्सकों द्वारा घायलों को बेहतर उपचार हेतु हायर सेन्टर के लिए रेफर किया गया है, जिनकी हालत सामान्य बतायी गयी है। प्रकरण के सम्बन्ध मे अन्य आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है।